

सागर प्रवेश संवाद

चुप न रहें संवाद करें

www.bundelihalchal.com

डिजीटल मीडिया पार्टनर

बुन्देली halchal.com

#Digital Edition

सागर, शनिवार, 27 दिसम्बर 2025


## नौगांव जनपद के ग्राम महतौल में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामला

### जांच प्रतिवेदन के बाद जिला प्रशासन की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

# तत्कालीन पंचायत सचिव व सीएससी संचालक के खिलाफ FIR के आदेश

### 1134 में से 5 ग्राम महतौल और 3 प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश, शेष जन्म प्रमाण पत्र संदिग्ध

**प्रवेश संवाद नौगांव.**

नौगांव जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत महतौल में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में गठित जांच टीम के प्रतिवेदन के बाद जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच टीम को पंचायत द्वारा जारी 1134 जन्म प्रमाण पत्र में से 5 प्रमाण पत्र ग्राम महतौल के एवं 3 प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश के छोड़कर अन्य जन्म प्रमाण पत्र संदिग्ध पाए गए हैं। जिला प्रशासन ने जांच प्रतिवेदन के आधार पर तत्कालीन पंचायत सचिव और सीएससी संचालक के खिलाफ एफआईआर के आदेश जारी किए हैं।

एक हजार से अधिक प्रमाण पत्र फर्जी : छतरपुर जिले के नौगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत महतौल में बड़े पैमाने पर फर्जी तरीके से जन्म प्रमाण पत्र जारी किए जाने के गंभीर मामले में जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए निर्णायक कार्रवाई की है।

**एफआईआर के आदेश** : कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में गठित जांच दल की रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन निलंबित पंचायत सचिव प्रेमचन्द्र रैकवार एवं ग्राम महतौल के सी.एस.सी. (कॉमन सर्विस सेंटर) संचालक मनोहर कुशवाहा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश जारी किए गए हैं।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया ने जांच प्रतिवेदन की जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत महतौल द्वारा 9 अप्रैल 2024 से 24 सितंबर 2025 के बीच कुल 1134 जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए। जांच दल ने इन प्रमाण पत्रों की सूची ग्रामवासियों के समक्ष पढ़कर सत्यापन कराया, जिसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जांच में पाया गया कि जारी किए गए कुल जन्म प्रमाण पत्रों में से केवल 56 प्रमाण पत्र ही वास्तव में ग्राम पंचायत महतौल के निवासियों के हैं। इसके विपरीत सूची में 88 मुस्लिम समुदाय तथा 7 ईसाई समुदाय के सदस्यों के जन्म प्रमाण पत्र दर्ज पाए गए जबकि संबंधित लोग ग्राम महतौल में निवासरत ही नहीं हैं। इससे स्पष्ट हुआ कि



पंचायत सचिव



सीएससी संचालक

जन्म प्रमाण पत्र स्थानीय निवास के बिना ही जारी किए गए। जांच दल ने यह भी पाया कि इन जन्म प्रमाण पत्रों के माध्यम से मध्यप्रदेश के 33 जिलों के 1050 व्यक्तियों के नाम दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के 68, बिहार के 4, दिल्ली के 4, महाराष्ट्र के 4, राजस्थान के 2, छत्तीसगढ़ के 1 और गुजरात के 1 व्यक्ति के नाम से भी जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए। इस प्रकार कुल 1134 प्रमाण पत्रों का रिकॉर्ड सामने आया, जो ग्राम पंचायत स्तर पर गंभीर अनियमितता और संभावित षड्यंत्र की ओर इशारा करता है।

नियमानुसार ग्राम पंचायत को जन्म के एक माह के भीतर ही जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का अधिकार होता है। जांच में पाया गया कि इस प्रावधान के तहत केवल 8 जन्म प्रमाण पत्र ही विधिसम्मत रूप से जारी किए गए थे। इनमें से 5 प्रमाण पत्र ग्राम महतौल के निवासियों के तथा 3 प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश के निवासियों के पाए गए। शेष सभी प्रमाण पत्रों को जांच दल ने संदिग्ध करार दिया है।

जांच दल ने अपनी रिपोर्ट में तत्कालीन निलंबित सचिव प्रेमचन्द्र रैकवार एवं सी.एस.सी. सेंटर संचालक मनोहर कुशवाहा के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की थी। साथ ही तहसीलदार नौगांव के प्रतिवेदन में जिन दो मामलों—हेमंत अहिरवार एवं निधि कुशवाहा—को वैध बताया गया है, उन्हें छोड़कर शेष सभी जन्म प्रमाण पत्रों को निरस्त करने की सिफारिश की गई थी। जांच प्रतिवेदन को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर छतरपुर ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही नियम विरुद्ध जारी किए गए जन्म प्रमाण पत्रों के आधार पर बनाए गए आधार कार्डों को निरस्त कराने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, भोपाल को प्रस्ताव भेजने के आदेश भी दिए गए हैं। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत महतौल के वर्तमान सचिव को निर्देशित किया है कि नियम विरुद्ध जारी किए गए सभी जन्म प्रमाण पत्र तत्काल प्रभाव से निरस्त किए जाएं तथा भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता न हो, इसके लिए जन्म–मृत्यु पंजीयन प्रक्रिया में कड़ाई से नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। इस कार्रवाई के बाद जिले में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच के दौरान किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उनके विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि शासकीय दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## जमीनी विवाद : युवक को मारी गोली, पैर और जांघ में लगी, जिला अस्पताल रेफर

**प्रवेश संवाद बड़ामलहरा**

राह चलते एक युवक को गोली मारकर घायल करने की घटना सामने आयी है जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया गया है कि युवक के दांएं पैर और जांघ में गोली लगी है। हालांकि घायल युवक की हालत सामान्य बताई गई है। उक्त घटना बड़ा मलहरा थाना इलाके के कांयन रोड़ की बताई गई है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक भगवां पुलिस थाना इलाकाई सिलारौं गांव निवासी घायल 32 बर्षीय युवक पंकज यादव बड़ामलहरा से अपना निजी कार्य निबटाकर बाईक पर सवार होकर शुक्रवार को देर शाम अपने घर वापिस जा रहा था कि गांव के दो लोगों ने पंकज यादव के दांए पैर और जांघ में गोली मार दी जिससे वह घायल हो गया।

घायल पंकज यादव ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वहां से सिजवाहा गांव निवासी जीतेन्द्र राजा वहां से निकले जिन्होंने युवक को तड़पता देख तत्परता दिखाते हुये बड़ामलहरा सिविल अस्पताल में दाखिल कराया जहां मौजूद चिकत्सक डा.निर्दोष राजपूत ने प्राथमिक उपचार उपरांत जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।



### घटना से क्षेत्र में दहशत

घायल पंकज यादव ने पुलिस को यह भी बताया कि गांव के ही लखन कुशवाहा एवं जगत कुशवाहा ने उसे रोका जैसे ही उसने अपनी बाइक खड़ी कि वैसे ही उस पर गोली चला दी जिससे एक गोली उसके दाएं पैर और जांघ में जाकर लगी जबकि एक गोली उसके बगल से निकल गई। बड़ामलहरा एसडीओपी रोहित सिंह अलावा ने बताया कि गोली चलने की खबर मिलते हैं पुलिस बल मौके पर भेज दिया था घायल की स्थिति सामान्य है इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है एसडीओपी रोहित सिंह अलावा ने एक सवाल के जवाब में बताया कि लखन कुशवाहा एवं जगत कुशवाहा से घायल पंकज यादव का जमीनी विवाद है। एसडीओपी ने एक अन्य सवाल के जवाब में बताया कि फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम रवाना कर दी गई है। युवक क साथ गोलीबारी की घटना क लेकर ना सिर्फ क्षेत्र में सनसनी फैल गई बल्कि पुलिस जांच में जुट गई है।

रहली थाना क्षेत्र के ग्राम मैनाई की घटना : आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही पुलिस

# फांसी के फंदे पर झूलते मिले मां और उसके दो मासूम बेटों के शव

**प्रवेश संवाद ● सागर/ रहली**

रहली थाना क्षेत्र के ग्राम मैनाई में घर में मां ने अपने दो बेटों के साथ फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। परिवार के लोग कमरे में पहुंचे तो घटना सामने आई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए रहली अस्पताल भेजा गया। परिवार के ब्रजेश पिता गोपी लोधी निवासी मैनाई ने बताया कि गुरुवार की रात मैं और मेरा छोटा भाई राजेश लोधी खेत में लगी फसल की सिंचाई करने के लिए गए थे। रात करीब पौने 10 बजे वापस लौटकर घर आए। घर आकर मैं अपने कमरे में चला गया। छोटा भाई अपने कमरे में गया। तभी राजेश के चिल्लाने की आवाज सुनी। मैं दौड़कर उसके कमरे में पहुंचा। जहां देखा कि मेरी बहू रचना पति राजेश लोधी (32), भतीजा ऋषभ लोधी (5) और राम लोधी (2) अलग-अलग फंदों पर झूल रहे हैं।

तत्काल हम दोनों ने रस्सियां काटकर उन्हें फंदे से नीचे उतारा। लेकिन तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी। उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया परिवार को इसकी जानकारी नहीं है।




**एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य :** घटनाक्रम की सूचना मिलते ही रहली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। एफएसएल टीम को बुलाया गया। टीम ने वारदातस्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। शुक्रवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। रहली पुलिस मामला दर्ज कर आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

## टला बड़ा हादसा
## सागर-बीना रेलवे ट्रैक पर पलटा भूसे से भरा ट्रैक्टर



**प्रवेश संवाद ● सागर.**

सागर-बीना रेलवे ट्रैक पर गुरुवार रात एक बड़ा रेल हादसा होते-होते बच गया। जरुआखेड़ा के पास रेलवे फाटक पर भूसे से भरा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सीधे पटरियों पर पलट गया। गनीमत रही कि उस वक्त कोई ट्रेन नहीं गुजर रही थी। गेटमैन ने तुरंत खतरा भांप लिया और दौड़कर रेल यातायात रुकवाया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। इस दौरान डाउन ट्रैक पर करीब 45 मिनट तक ट्रेनों की आवाजाही ठप रही। हादसा गेट नंबर-11 पर हुआ। ट्रैक्टर ड्राइवर रूपेश ने बताया कि वह खुरई मंडी से सोयाबीन का भूसा भरकर सागर गल्ला मंडी जा रहा था। जरुआखेड़ा फाटक के पास चढ़ाई ज्यादा होने के कारण ट्रैक्टर लोड नहीं खींच पाया और बैक होकर अनियंत्रित हो गया। देखते ही देखते ट्रॉली ट्रैक पर पलट गई और पूरा भूसा पटरियों पर बिखर गया। घटना के वक्त ड्यूटी पर तैनात गेटमैन उधम रैकवार ने फौरन अधिकारियों को सूचना दी और ट्रैक ब्लॉक कर दिया। रेलवे की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर-ट्रॉली और भूसे को हटाया। करीब 45 मिनट की मशक्कत के बाद डाउन ट्रैक क्लियर हो सका, तब जाकर मालगाड़ियों और अन्य ट्रेनों को रवाना किया गया। बता दें कि यहां 48 करोड़ की लागत से ओवरब्रिज बन रहा है, लेकिन काम अधूरा होने के कारण आए दिन ऐसे जोखिम बने रहते हैं।

# पिकअप वाहन से पुलिस ने पकड़ी 1.60 लाख कीमत की अवैध शराब, जीजा-साले हिरासत में, जेल भेजा

**प्रवेश संवाद ● सागर**

बीती रात पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब जप्त कर दो आरोपियों को हिरासत में लेकर कार्यवाही की पुलिस थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि गस्ती के दौरान पुलिस को सूचना मिली के एक पिकअप वाहन में अवैध शराब बहेरिया से ग्राम पाटई रोड तरफ जा रही है तत्काल पुलिस बल पटाई के लिए रवाना हुआ जैसे ही पुलिस ग्राम पाटई के बाहर पहुंचे कि बहेरिया तरफ से एक सफेद रंग का टाटा पिकअप लोडिंग वाहन आते दिखा जो वाहन के चालक ने पुलिस को देखकर पिकअप गाडी को ग्राम पाईट में अंदर तरफ मोड लिया और तेज गति व लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाकर भागने लगा जो पिकअप वाहन अनयंत्रित होकर ग्राम पाटई में विश्वकर्मा के मकान की दीवाल से टकरा गया और रूक गया दीवाल में टकराने से पिकअप वाहन आगे से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने घेराबंदी कर गाडी को चैक किया जो गाडी मे वाहन चालक एव एक अन्य व्यक्ति बैठा था तथा गाडी के पीछे तरफ चैक किया जो पीछे तरफ कुछ शराब की पेटिया रखी दिखाई दी।पुलिस ने वाहन, अवैध शराब सहित दो आरोपियों को हिरासत में लिया और थाना रहली पहुंचें जहाँ कार्यवाही की गई, थाना प्रभारी सुनील शर्मा ने बताया की ग्राम पाटाई में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में पिकअप वाहन क्र. एम. पी. 28 जेड.डी. 1291 कीमती करीब पांच लाख रुपये से 32 खाकी रंग के कार्टून जिसमे देशी लाल मदिरा मशाला शराब के पाव प्रत्येक पेटी में 50-50 पाव प्रत्येक पाव 180-180 एम.एल. कुल देशी लाल मदिरा मसाला शराब के 1600 पाव, कुल मात्रा 288 लीटर कीमती करीबन 160000/- रुपये की जप्त की गई और दो आरोपी कैलाश पिता भगवानदास काछी उम्र 24 साल निवासी नरेटा थाना गढ़ाकोटा वा सुनील पिता मंजू काछी उम्र 22 साल निवासी तेन्दूखेड़ा के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्यवाही की गई और दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहाँ से जेल भेज दिया। पुलिस द्वारा की गई इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सुनील शर्मा, प्रधान आरक्षक दीपक तिवारी, प्रधान आरक्षक विनोद, आरक्षक सतीश तिवारी,आरक्षक राहुल कुसमारिया, आरक्षक जितेंद्र प्यासी, सुनील दुबे की महात्त्पूर्ण भूमिका रही।



# खिमलासा: दलित बस्ती में नल जल योजना ठप होने से लोग परेशान

**प्रवेश संवाद ● बीना**

बीना के खिमलासा ग्राम में नल जल योजना का कार्य अधूरा होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। दलित बस्ती के वार्ड क्रमांक 12 और 13 में यह कार्य बीच में ही रोक दिया गया है, जिससे इन क्षेत्रों में गंभीर जल संकट बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार, संबंधित वार्डों में पाइपलाइन बिछाने के लिए खुदाई का काम शुरू किया गया था। हालांकि, कुछ समय बाद बिना किसी पूर्व सूचना के यह कार्य बंद कर दिया गया। खुदाई के कारण रास्ते भी खराब हो गए हैं, और पेयजल की समस्या जस की तस बनी हुई है। गर्मी के मौसम में स्थिति और बिगड़ने की आशंका है।



इस समस्या के समाधान के लिए, पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में खिमलासा के बड़ी संख्या में ग्रामीण तहसील कार्यालय पहुंचे। उन्होंने जोरदार प्रदर्शन किया और एसडीएम के नाम तहसीलदार डॉ. अंबर पंथी को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई है कि दलित बस्ती के वार्ड 12 और 13 में नल जल योजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ कर पूरा किया जाए, ताकि वर्षों से चली आ रही जल आपूर्ति की समस्या का समाधान हो सके। ज्ञापन सौंपने वालों में माखन, रामलला, सुनील, राजेंद्र, लल्ला, अरविंद, दीपक, सोनू, गजराज, रामसिंह, जगन सहित कई अन्य ग्रामीण शामिल थे।

पंचायत सचिव जगदीश साहू ने बताया कि पुरानी नल जल योजना 1974 की है, जिससे मुश्किल से 30% आबादी को पानी मिल पाता है। उन्होंने कहा कि नई नल जल योजना का काम जारी है और ज्यादातर क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है।

दलित बस्ती में भी पाइपलाइन बिछाकर जल्द ही जल आपूर्ति शुरू की जाएगी, हालांकि फिलहाल वहां पानी की सप्लाई नहीं है। वर्तमान में, खिमलासा की 15,000 की आबादी में से पंचायत द्वारा मुश्किल से 500 घरों में ही पानी की आपूर्ति की जा रही है।

# बीना में संपत्ति ऋण के नाम पर लाखों की ठगी, डीएसए कंपनी संचालक सहित दो पर आरोप

**प्रवेश संवाद ● बीना**

बीना में संपत्ति ऋण दिलाने के नाम पर ग्रामीणों से लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक डीएसए (डायरेक्ट सेलिंग एजेंट) कंपनी के संचालक रहीम खान और उनके सहयोगी हरनाम सिंह विश्वकर्मा ने लोगों से लॉगिन फीस और अन्य शुल्क के नाम पर अवैध वसूली की। पीड़ितों के अनुसार, आरोपियों ने करीब एक साल पहले संपत्ति ऋण दिलाने का आश्वासन दिया था। इसके बदले में अलग-अलग लोगों से हजारों से लेकर डेढ़ लाख रुपए तक की रकम वसूली गई। हालांकि, अब तक न तो किसी को बैंक ऋण मिला और न ही जमा की गई राशि वापस लौटाई गई।



**इनसे हुई ठगीः** लालसिंह लोधी (ग्राम लायरा, कुरवाई) - 56,200 रुपए, संतोष कुमार अहिरवार (ग्राम रामपुर, बीना) - 30 से 40 हजार रुपए, अरविंद पटेल (ग्राम गिरौल, बीना) - 30,000 रुपए, नरेश कुमार अहिरवार (आचवल वार्ड, बीना) - 10,200 रुपए, राजकुमार अहिरवार (ग्राम सतौरिया, बीना) - 65,000 रुपए, जगन्नाथ विश्वकर्मा (ग्राम पालीखेड़ा, बीना) - 50,000 रुपए, रामकुमारी अहिरवार (ग्राम आरोली) और उनके भाई दीवान सिंह लोधी (ग्राम रेता मुहासा, बीना) - 1,50,000 रुपए इसके अलावा मुस्तफा, कल्याण सिंह रमेरिया, रामसेवक, रमाकांत, कृष्णपाल यादव, नेतराम, नरेंद्र अहिरवार, राम सहाय चढ़ार और अंगद सहित कई अन्य लोगों से भी पैसे लिए गए।

**ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय में दिया ज्ञापनः** शुक्रवार दोपहर पीड़ितों ने तहसील पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोपियों के कार्यालय को बंद करने, सभी रिकॉर्ड जब्त करने, अवैध रूप से वसूली गई रकम वापस दिलाने और दोनों आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में नरेश बौद्ध, इंदर सिंह ठाकुर और अन्य पीड़ित आवेदक शामिल थे।

### रहली महोत्सव का दूसरा दिन : रंगारंग कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में पहुंचे नगरवासी

# बॉलीवुड सिंगर दिया घोष ने अपनी सुरों से बिखेरा जलवा, सुरों भरी शाम से रंगीन हुआ अटल सेतु






**प्रवेश संवाद सागर.**

रहली त्रिदिवसीय रहली महोत्सव के द्वितीय दिवस बॉलीवुड सिंगर दिया घोष ने अपने संगीत मय सुरों से अटल सेतु के समारोह में उपस्थित लोगों के बीच जलवा बिखेरा रहली महोत्सव में द्वितीय दिवस रंगारंग कार्यक्रम के साथ रहली अनुविभागीय के के तमाम बड़े अधिकारियों को अतिथि के रूप में आमंत्रित कर उनका सम्मान स्मृति चिन्ह देकर किया गया,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा नेता अभिषेक भार्गव एवं अन्य अतिथियों के रूप में ब्लॉक के प्रमुख अधिकारी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के प्रमुख वकीलों एवं चिकित्सकों के द्वारा रहली महोत्सव में उपस्थित होकर मंच की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने अपने उदबोधन में नगर में हो रहे विकास कार्यों के लिए श्रेय वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव के साथ नगर की जानता वा जनप्रतिनिधि को दिया। द्वतीय दिवस समारोह के मुख्य अतिथि अभिषेक भार्गव ने कहा कि हम पूरी कोशिश करेंगे कि प्रत्येक वर्ष रहली महोत्सव हो, साथ ही विकास कार्य करने के लिए जो भी करना पड़े करेंगे, अटल पार्क की जो सौगात रहली वासियों को मिली है इसके पीछे हमारे नेता और पालक भेया गोपाल भार्गव की क्षेत्र के प्रति सोच और विकास की धरना हैं, जब हम देखते हैं कि दुनिया के कोने कोने पर त्राहि त्राहि मची है धर्म के नाम पर क्षेत्र के नाम पर ,दुनिया के बड़े बड़े देशो में लोग खुश नहीं है सोसल मीडिया पर आप देखे कि नकारत्मकता है ऐसे में रहली महोत्सव में आकर लोग खुश होकर मनोरंजन कर सन्तुष्ट होकर जा रहे हैं तो इससे बड़ा कोई यज्ञ नही उन्होंने नपा अध्यक्ष और उमकी टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि मुझे सूत्रधार बताते हैं लेकिन ऐसा नहीं है अधिकारी कर्मचारियों की मेहनत से ऐसे आयोजन होते हैं ।कल अंतिम दिन हमारे ही क्षेत्र के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे, उन्होंने मंच से उपस्थित जनसमूह से आयोजन में कोई भी त्रुटि, कमी अगर हुई हो तो सभी को एक अभिभावकों, मित्र, के रूप में हमें बताएं जिससे उन पर सुधार कर सके इसके लिए सुझाव दे, हम आपके द्वारा दिये गए आशीर्वाद चाहे वह भेया गोपाल भार्गव को हो या जनप्रतिनिधियों हो उसका कर्ज हम अपनी स्वास का अंतिम समय तक चुका नही सकते। बॉलीवुड में अपनी शानदार आवाज का जलवा बिखेर चुकी प्रसिद्ध गायिका दिया घोष की मधुर और सुरीली आवाज का जादू नगर और विधानसभा के दर्शकों पर कुछ यूं चढ़ा की शाम का समा रंगीन हो गया।नगर के साथ-साथ विधानसभा की जनता ने अटल सेतु पर आयोजित कार्यक्रम का खूब लुफ्त उठाया महोत्सव में मेले का स्वरूप भी नजर आया लोगों ने झूले और खानपान की सामग्रियों का लुफ्त भी उठाया लोग नवनिर्मित अटल पार्क के मनोरम दृश्य को निहारते एवं सराहना करते नजर आए। समारोह का संचालन डॉ मनोज जैन सर, घनश्याम दुबे सर ने किया।

# बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में HbA1c मशीन का शुभारंभ: डायबिटीज की जांच अब होगी आसान

**प्रवेश संवाद सागर.**

बुंदेलखंड मेडीकल कॉलेज सागर में स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार करते हुए आज मधुमेह (Diabetes) की सटीक जाँच के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण HbA1c मशीन का शुभारंभ किया। इस मशीन के आने से अब मरीजों को पिछले दो - तीन महीनों के औसत शुगर लेवल की सटीक जानकारी मिल सकेगी, जो बीमारी के सही प्रबंधन के लिए अनिवार्य है। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को बायोकेमिस्ट्री विभाग की प्रयोगशाला में मधुमेह (Diabetes) के मरीजों हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण जाँच - HbA1c मशीन का आगाज़ हुआ। इस मशीन का लोकार्पण कॉलेज के डीन डॉ. पी.एस. ठाकुर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अधीक्षक डॉ. राजेश जैन, बायोकेमिस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ. आर.के. अरोड़ा,




डॉ. अमर गंगवानी, डॉ अनेकांत जैन, डॉ उमेश पटेल , डॉ अश्वनी सोनकर ,डॉ रचिश चौपड़ा ,लैब टेक्नीशियन कविता जायसवाल तथा एचएएल के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने इस सुविधा के प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे मरीजों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

विभाग अध्यक्ष डॉ आरके अरोरा ने कहा कि HbA1c जाँच मधुमेह रोगियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह रक्त में शुगर के स्तर का मात्र तत्काल नहीं बल्कि पिछले 2-3 महीनों का औसत नियंत्रण दर्शाती है।

मीडिया प्रभारी डॉ सौरभ जैन ने बताया कि यह जांच डॉक्टरों को रोगियों की बीमारी के नियंत्रण का सटीक आकलन करने, उपचार की प्रभावशीलता जानने तथा आगे की उपचार योजना तय करने में बड़ी सहायता प्रदान करती है। इस अवसर पर डीन डॉ पीएस ठाकुर ने कहा कि इस आधुनिक एवं अत्याधुनिक जांच सुविधा के प्रारंभ होने से बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में आने वाले मधुमेह रोगियों को बेहतर, सटीक तथा विश्वसनीय जांच उपलब्ध होगी तथा उनके उपचार प्रबंधन को और अधिक प्रभावी एवं वैज्ञानिक आधार मिलेगा। यह सुविधा मरीजों के लिए एक बड़ी राहत और स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर को ऊँचा उठाने की दिशा में सराहनीय पहल है।

# लीज की भूमि पर मल्टीपार्किंग निर्माण की मांग, शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन



**प्रवेश संवाद सागर**

मकरोनिया चौराह पर शासकीय भूमि पर संचालित सत्यपाल पेट्रोल पंप की लीज निरस्त कर मल्टीपार्किंग निर्माण की माँग को लेकर शिवसेना ने कलेक्टर के नाम एसएलआर को ज्ञापन सौंपा शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहा कि मकरोनिया के लोग यातायात का दबाब झेल रहे है निरंतर आबादी बड़ती जा रहे है लेकिन बाजार जाने वाले लोगों को वाहन रखने की कोई व्यवस्था नहीं है जबकि मुख्य चौराह पर शासकीय भूमि उपलब्ध है जहाँ लीज लेकर पेट्रोल पंप संचालित किया जा रहा है शिवसेना जिला प्रमुख दीपक सिह लोधी ने कहा कि मकरोनिया में आए दिन जाम लगता है दुर्घटनाएं हो रही है जिसका मुख्य कारण है कि दुकानों के सामने वाहन रखने की कोई व्यवस्था नहीं है और लोग मजबूर होकर सड़क पर वाहन रखते है जिसकी वजह से यातायात बाधित होता है पूर्व में शिवसेना द्वारा नगर पालिका मुख्य अधिकारी पवन शर्मा को भी ज्ञापन दिया गया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई अगर जनहित में सत्यपाल पेट्रोल पंप की लीज निरस्त करते हुए मल्टीपार्किंग निर्माण नहीं कराई जाती है तो शिवसेना आमजन के साथ मिलकर आंदोलन करेगी ज्ञापन देने वालो में विकास सिह मनोज राय अमन ठाकुर पंकज दुबे आदि जैन मयक रजक राहुल बिठल अजय बुंदेला हरि पटेल उपस्थित थे।

# पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि पर सेवादल ने अर्पित की पुष्पांजलि

**प्रवेश संवाद सागर.**

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पहली पुण्यतिथि पर तीनबत्ती स्थित कार्यालय मे पुष्पांजलि अर्पित की. जिला शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे कहा कि जब भारत आर्थिक मंदी और संकट के दौर से गुजर रहा था,तब डॉ. मनमोहन सिंह ने संकटमोचक बनकर देश को इससे उबारा। उन्होंने 1991 की दूरदर्शी उदारीकरण नीति का उल्लेख करते हुए बताया कि इसी के चलते आज भारत दुनिया की चौथी आर्थिक महाशक्ति है। श्रद्धांजलि सभा में मोहम्मद अनीस प्रवीण यादव,अंकुर यादव,परख शुक्ला, रवि जैन,राकेश जैन,तरूण सैनी,आकाश नामदेव संजय टंडन छोटू तिवारी अनु घोषी सहित सेवादल परिजन उपस्थित थे।



मुद्रक एवं प्रकाशक- सुरेंद्र सिंह राजपूत (पृथ्वी) द्वारा जयश्री नारायण प्रिंटिंग प्रेस विट्ठल भवन गुजराती बाजार सागर (म.प्र.) से मुद्रित, बैंक कॉलोनी, तिल्ली रोड सागर में प्रकाशित: मो. नं. 9926459376
स्थानीय संपादक- शुभम श्रीवास्तव: आर.एन.आई. नंबर: MPHIN/2013/48637, समाचार चयन के लिए पी. आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार न्यायिक क्षेत्र सागर (म.प्र.) रहेगा।

# डॉ. हरीसिंह गौर और मालवीय जी दोनों राष्ट्र विभूति हैं: रघु ठाकुर

## डॉ. गौर और मालवीय जी दोनों का शिक्षा के क्षेत्र में महनीय योगदान: प्रो. वाय एस ठाकुर

प्रवेश संवाद सागर





डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के रंगनाथन सभागार में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के यशस्वी संस्थापक भारत रत्न महामना पंडित मदनमोहन मालवीय जी की जयन्ती और प्रख्यात शिक्षाविद्, विधिवेत्ता, कवि, मनीषी, प्रखर वक्ता ,सागर के अमर सपूत, सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉ. सर हरि सिंह की पुण्य तिथि को विश्वविद्यालय सांस्कृतिक परिषद् एवं मालवीय मंच सागर के संयुक्त तत्त्वावधान में 'गौर-मालवीय : पुण्य-उदय' कार्यक्रम का आयोजन किया गया । देश के प्रख्यात गांधीवादी चिन्तक रघु ठाकुर ने 'गौर-मालवीय : व्यक्ति,सृष्टि और दृष्टि' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान देते हुए कहा कि सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉ हरीसिंह गौर और काशी विश्वविद्यालय के संस्थापक महामना पंडित मदनमोहन मालवीय दोनों ही भारत वर्ष की राष्ट्र विभूति हैं । यह गर्व की बात है कि गौर साहब और मालवीय जी दोनों का सीधा संबंध मध्य प्रदेश से है । डॉ. गौर सागर के सपूत हैं तो मदनमोहन मालवीय जी के पूर्वज भी मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र से चलकर काशी तक पहुंचे थे । उन्होंने कहा कि दोनों ही राष्ट्र विभूतियों ने शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र के उन्नयन का मार्ग चुना था । इसके लिए मालवीय जी ने जन सहयोग से वाराणसी में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की थी जो सर्व विद्या की राजधानी के रूप में प्रसिद्ध हुई, वहीं डॉ. गौर मध्य प्रदेश के सागर जैसे पिछड़े हुए क्षेत्र में स्वयं द्वारा अर्जित धन राशि से सागर विश्वविद्यालय की स्थापना कर बुंदेलखंड में शिक्षा की अलख जगाई थी । उन्होंने कहा कि धन का संग्रह, धन का उपयोग और धन का मितव्ययिता से खर्च करना मालवीय जी के व्यक्तित्व कि विशेषता रही है। डॉ. गौर के व्यक्तित्व में भी मालवीय जी इस गुण धर्म की समानता परिलक्षित होती है। उनकी मितव्ययिता उनके व्यक्तित्व की विशेष पहलू रहा है। दोनों ही महापुरुष विधि के क्षेत्र के महारथी थे । गौर साहब ने संविधान सभा के सदस्य के रूप में संविधान निर्माण में योगदान देते हुए नागरिकों के अधिकारों के सजगता पर जोर दिया तो महामना मालवीय जी ने स्वतंत्रता संग्राम के विभिन्न कानूनी लडाइयों को अदालत में मजबूती से अपना पक्ष रखते हुए सफलता दिलाई।

रघु ठाकुर ने गौर - मालवीयः व्यक्ति, श्रृष्टि एवं दृष्टि विषय पर प्रकाश डालते हुए डॉ. हरीसिंह गौर एवं मदनमोहन मालवीय जी के व्यक्तित्व कृतित्व को विस्तार से व्याख्यायित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस पी उपाध्याय ने स्वरचित कविता के माध्यम से अपने व्याख्यान का आरंभ करते हुए कहा कि 'सागर में दीप जला काशी को तेज मिला, शिक्षा से स्वाधीनता का अमर सन्देश मिला' । उन्होंने कहा कि गौर और मालवीय दोनों ने ही धन एवं पद का मोह छोड़कर राष्ट्र को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि 25 दिसम्बर को गौर साहब के शरीर का भौतिक अवसान और मालवीय जी के भौतिक शरीर का अवतरण यह एक संयोग नहीं है अपितु यह संकेत है कि भारत का भविष्य शिक्षा संस्कार और राष्ट्र दृष्टि से संभव है। उन्होंने कहा कि गौर साहब का मानना था कि अगर संकल्प अडिग है तो कठिन से कठिन परिस्थितियां भी हार मान जाती है । डॉ. गौर साधारण परिवार से निकल कर अंतरराष्ट्रीय विधिवेत्ता बने तो मदनमोहन मालवीय राजनीति में रहते हुए राष्ट्रनीति को सर्वोपरि रखा । विशिष्ट अतिथि डॉ. जयंत सिंह तोमर ने डॉ. गौर एवं महामना मदनमोहन मालवीय को प्रेरणास्पद व्यक्तित्व के रूप में रेखांकित किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवन्त सिंह ठाकुर ने कहा कि डॉ. गौर और मालवीय दोनों ही महापुरुषों ने जो सपने देखे उसको करके दिखाया । उन्होंने कहा कि महामना मदनमोहन मालवीय ने शिक्षा के क्षेत्र में महनीय योगदान के लिए भारत रत्न दिया गया । यह अत्यंत हर्ष की बात है । परन्तु उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान देने वाले सर्वथा उपयुक्त मनीषी डॉ. हरीसिंह गौर को भारत रत्न अभी तक नहीं प्राप्त हो पाया है। आशा है शीघ्र ही डॉ. गौर को भारत रत्न प्रदान किया जायेगा । काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से अध्ययन प्राप्त एवं डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में अध्यापनरत शिक्षकों के विशिष्ट समूह मालवीय मंच सागर के कार्यक्रम का संचालन मालवीय संघ के संयोजक डॉ. शशिकुमार सिंह ने किया तथा प्रो. दिवाकर शुक्ला ने आभार ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात् डॉ. हरीसिंह गौर के शिक्षकों ने रघु ठाकुर को डॉ. हरीसिंह गौर को भारत रत्न दिलाने के संबंध में ज्ञापन दिया।

इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रो. आर. एन. यादव, प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत. प्रो. नवीन कानगो, प्रो. राजेंद्र यादव, प्रो. यू के पाटिल, प्रो. हिमांशु पांडे, डॉ. रानी दुबे, डॉ. अनिल तिवारी, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. विवेक जायसवाल, डॉ. पंकज सिंह, डॉ. हिमांशु कुमार, डॉ.सी पी उपाध्याय, डॉ. अलीम अहमद खान, डॉ. दीपाली जाट, डॉ. रंजीत रजक, डॉ. रुपाली सैनी, डॉ. अभिलाषा दुर्गवंशी, डॉ. नौनिहाल गौतम, डॉ. रामहेत गौतम, डॉ. रजनीश अग्रहरी, डॉ. धनंजय विक्रम सिंह, डॉ. दिवाकर झा, डॉ. नीरज उपाध्याय, आकाश मालवीय, वीनू राणा, डॉ. यु बी एस गौर, डॉ. संजीव रावत, इंजिनियर डी के सिंह सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक, शोधार्थी, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

---

### स्वच्छता से स्वास्थ्य तक की दौड़

# सागर में आईएमए और नगर निगम की संयुक्त मैराथन का शानदार शुभारंभ

प्रवेश संवाद सागर




इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) सागर शाखा और सागर नगर निगम के संयुक्त आयोजन में "स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वच्छ भारत मैराथन" का भव्य प्रीमियर लॉन्च आज संपन्न हुआ। यह मैराथन रविवार, 18 जनवरी 2026 को सागर शहर में,खेल परिसर से शुरू होगा और बस स्टैंड , डिग्री कॉलेज, जैन स्कूल, मेडिकल कॉलेज रोड , तिल्ली तिराहा , मनोरमा कॉलोनी से होता हुआ वापस खेल परिसर में अंत होगा,आयोजित की जाएगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सागर नगर निगम के आयुक्त राजकुमार खत्री ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन स्वच्छ भारत अभियान को नई ऊर्जा देगा तथा सागर के आम नागरिकों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। खत्री ने बताया के स्वच्छता और स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। इस मैराथन के माध्यम से हम शहरवासियों को स्वच्छता की आदतें अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

आईएमए सागर के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने बताया कि आईएमए द्वारा इस तरह के आयोजन सागर में स्वास्थ्य को दिनचर्या का हिस्सा बनाने में लंबे समय तक प्रभाव डालेंगे। उन्होंने बताया के यह मैराथन शहर की बड़ी आबादी को सर्वाइकल कैंसर, स्तन कैंसर,सुरक्षित मातृत्व , क्षय रोग जैसे विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बारे में जागरूक करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। हमारा उद्देश्य है कि सागर के हर नागरिक को स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार बनाया जाए और स्वस्थ भारत का सपना साकार हो। यह मैराथन विभिन्न श्रेणियों में आयोजित की जाएगी, 3 किमी , 5 किमी और 10 किमी, जिसमें सभी उम्र के प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे।आईएमए की ओर से सभी श्रेणी के विजेता को नकद पुरस्कार , मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया जाएगा . सभी श्रेणी के प्रथम 50 प्रतिभागी जीतने वालों को मेडल मिलेगा और सभी रजिस्टर्ड प्रतिभागी जो प्रतियोगिता में शामिल होंगे उनको सर्टिफिकेट मिलेगा.रजिस्ट्रेशन के पंजीकरण के लिए www.imasa-gar.com par जाएँ जो सभी के लिए मुफ्त है.

आईएमए सागर और नगर निगम सागर सभी शहरवासियों को इस ऐतिहासिक मैराथन में भाग लेने के लिए आमंत्रित करते हैं। आइए मिलकर एक स्वस्थ, स्वच्छ और जागरूक सागर का निर्माण करें।

---

## ग्राम सेवन में 'सामाजिक समरसता सम्मेलन' आज

प्रवेश संवाद सागर

खुरई विधानसभा के अंतर्गत ग्राम सेवन में आज, 27 दिसंबर को 'सामाजिक समरसता सम्मेलन' एवं 'संघ के पांच परिवर्तन' विषयों पर एक महत्वपूर्ण चर्चा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह जी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सागर स्थित सरदार कॉलोनी गुरुद्वारा के ग्रंथि ज्ञानी रंजीत सिंह जी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय, सागर की कुलसचिव डॉ. शक्ति जैन उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम के संयोजक भारत भारती शोध संस्थान के अध्यक्ष मधुसूदन खेमरिया एवं सह-संयोजक विश्व हिंदू परिषद, सागर के उपाध्यक्ष इंजीनियर एस.आर. सिंह हैं। आयोजकों ने बताया कि यह सम्मेलन दोपहर 2:00 बजे से प्रारंभ होगा।

---

## बीटीआईआरटी कॉलेज में धूत ट्रांसमिशन कंपनी का कैंपस प्लेसमेंट आयोजित




**सागर.** बीटीआईआरटी कॉलेज में धूत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों का पेपर एवं इंटरव्यू के माध्यम से सिलेक्शन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अधिकारी संतोष जैन घड़ी, चेयरमैन, डॉ सत्येंद्र जैन, सचिव, डॉ तरुण कुमार सिंह, रजिस्टर, डॉ वीरेश फुसकेले, प्राचार्य, डॉ सचिन चौधरी, एडवाइजर, शेख शाहिद, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर, भूपेंद्र नामदेव, आशीष साहू, दीपक रैकवार, हर्षिता, आदि स्टाफ उपस्थित रहे। धूत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड एक प्रतिष्ठित कंपनी है जो वायरिंग हार्नेस, इलेक्ट्रॉनिक सेंसर और कंट्रोलर्स, ऑटोमोटिव स्विचेस, पावर कॉर्ड्स, ऑटोमोटिव केबल्स, कनेक्टर्स सुरक्षा और नेतृत्व की भावना को बढ़ावा देता है।

---

## 'सागर संभाग में कृषि यांत्रिकीकरण को प्रोत्साहित करें'

प्रवेश संवाद सागर

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग के सभी कलेक्टरों, कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को सागर संभाग में कृषि यांत्रिकीकरण को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के मैदानी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे हैप्पी सीडर और सुपर सीडर जैसे कृषि यंत्रों के विषय में किसानों को जानकारी दें तथा कृषि यंत्रों का उपयोग करने के लिए किसानों को सतत रूप से प्रोत्साहित करें। कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग के सभी कलेक्टर सागर संभाग में कृषि यांत्रिकीकरण के लिए विभागों को दिए गए लक्ष्यों की समय-सीमा में पूर्ति कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। कमिश्नर ने कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे समय-समय पर कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग एवं मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करें तथा लक्ष्य पूर्ति के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को ताकित करें। कमिश्नर ने उक्त निर्देश आज कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य पालन विभाग एवं पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करते हुए दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सागर संभाग के सभी कलेक्टर्स, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य पालन विभाग एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी शामिल रहे।

## कार्यक्रम: वीर बाल दिवस पर गुरुद्वारा भगवानगंज में हुआ आयोजन, शौर्य और बलिदान को नमन

# चार साहिबजादों की वीर गाथा नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प

**प्रवेश संवाद सागर.**



दसवें गुरु साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों—साहिबजादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह—के अद्वितीय शौर्य, वीरता और बलिदान को स्मरण करते हुए वीर बाल दिवस के अवसर पर भगवानगंज स्थित गुरुद्वारा में भारतीय जनता पार्टी जिला सागर द्वारा श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में सभी अतिथियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया तथा गुरुद्वारा में माथा टेककर चार साहिबजादों को नमन किया गया। इसके पश्चात उनकी शहादत पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने भावविभोर होकर देखा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय समरसता प्रमुख सुनील देव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सागर सांसद डॉ. लता वानखेड़े, कार्यक्रम अध्यक्ष विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता सुनील जी देव ने अपने उद्बोधन में चार साहिबजादों के बलिदान की गाथा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों को इन बाल वीरों की कथाएं अवश्य सुनानी चाहिए। जब परिवार स्तर पर बच्चों को ऐसे आदर्शों से परिचित कराया जाएगा, तो उनमें स्वतः ही संस्कारों का विकास होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि चारों साहबजादो की शहादत को यदि देशवासी भूलते हैं तो फिर ना देश में ऐसी बलिदानी मां होगी ना ऐसे बलिदानी पुत्र होंगे, अपने देश के गौरवशाली इतिहास और परंपरा को जिंदा रखने के लिए व कलंक को मिटाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर बाल दिवस मनाने का निर्णय लिया। विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा इस दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय इस उद्देश्य से लिया गया है कि चार साहिबजादों की शहादत व्यर्थ न जाए और उनकी वीरता की जानकारी देश की युवा पीढ़ी तक अनिवार्य रूप से पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमें अपने गौरवशाली इतिहास को जानने के साथ-साथ उसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का दायित्व निभाना होगा। इस अवसर पर उन्होंने पीलीकोठी डिम्पल पेट्रोल पंप मार्ग को चार साहिबजादों के नाम से किए जाने की जानकारी भी साझा की एवं माता गुजरी जी के नाम से एक सामुदायिक भवन बनाए जाने की स्वीकृति प्रदान की। सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के इतिहास और विरासत को सहेजने का कार्य किया है।

इसी क्रम में वर्ष 2022 से चार साहिबजादों की शहादत को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि विद्यालयों में जाकर बच्चों को इन वीर गाथाओं से अवगत कराते हुए उन्हें प्रेरित किया जाएगा।

# धर्म ही युवाओं के चरित्र की आधारशिला है: अविराज सिंह

**प्रवेश संवाद मंडीबामोरा**



युवा नेता अविराज सिंह ने पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह के साथ रुद्राक्ष धाम, सागर में आयोजित होने जा रही श्रीराम कथा एवं नवनिर्मित श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए क्षेत्र में जनसंपर्क कर आमंत्रण पत्र वितरित किए। उन्होंने बताया कि आगामी 31 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है, वहीं 1 फरवरी 2026 को नवनिर्मित श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होगी। अविराज सिंह पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह के साथ करेली धाम, बड़ोह, मंडीबामोरा एवं ग्राम निर्तला खुर्ई पहुंचे और स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं को आयोजन में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रण पत्र प्रदान किए। सर्वप्रथम उन्होंने श्री सिद्ध हनुमान मंदिर, करेली धाम, पठारी में दर्शन किए तथा मंदिर के पुजारी देवेन्द्र पठारी जी के निवास पर भेंट कर श्रीराम कथा एवं प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन का आमंत्रण पत्र भेंट किया। इसके पश्चात उन्होंने महामाई मंदिर, बड़ोह में दर्शन किए और प्रभु चरणों में आमंत्रण पत्र अर्पित कर आयोजन में पधारने की प्रार्थना की। अविराज सिंह ने इसके बाद प्राचीन शिव मंदिर, मंडीबामोरा में दर्शन किए गए। मंडीबामोरा में उन्होंने वीरेन्द्र रघुवंशी, पूरन सिंह रघुवंशी से भेंट की तथा पंचायत भवन में सरपंच दामोदर राय से मुलाकात कर आयोजन का आमंत्रण दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने निवास स्थलों पर जाकर भी श्रद्धालुओं एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण पत्र सौंपे और प्रभु चरणों में श्रीराम कथा एवं भगवान श्री हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा के सफल आयोजन की कामना की। अविराज सिंह ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि यह इंटरनेट का युग है, डिजिटल जमाना है। इस डिजिटल एज में हमारे पास बहुत सारी खबरें और सलाहें आती हैं, लेकिन कौन-सी खबर लेनी चाहिए और कौन-सी नहीं, इसका उत्तर हर युग में धर्मशास्त्रों में लिखा हुआ मिलता है। हमारे धर्मशास्त्र जीवन जीने के बारह मूल आदर्श मान बताते हैं। हमें उन्हीं पर चलना है और अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करना है। युवा वही अच्छे होते हैं जो संस्कारी हों, लेकिन जितना ज्ञान आप अर्जित करें, वह आपके व्यवहार और व्यक्तित्व में भी दिखाई देना चाहिए। और हमेशा ध्यान रखिए, केवल शरीर को साफ रखने से आप पवित्र नहीं हो जाते, मन को भी साफ रखना पड़ता है। आज के समय में हम सभी युवाओं को धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए, क्योंकि धर्म से ऐसे चरित्र का निर्माण होता है जिस पर भक्ति का महल खड़ा होता है। जब आप भगवान की कथा सुनते हैं, तो वह आपके मन में भक्ति का दीपक जलाती है, और यही भक्ति का दीपक जीवन के कोने-कोने से अंधकार को दूर कर देता है। यही कथा का महत्व है।

उन्होंने करेली धाम, बड़ोह, मंडीबामोरा एवं ग्राम निर्तला खुर्ई में घर-घर पहुंचकर आमंत्रण पत्र वितरित किए गए तथा नागरिकों को आयोजन की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रयागराज से पधारे सुप्रसिद्ध श्रीराम कथा वाचक पं. प्रेमभूषण जी महाराज के श्रीमुख से भगवान श्रीराम की कथा का रसपान कराया जाएगा। उन्होंने महाराज सिंह ठाकुर विदिशा जिला अध्यक्ष जी, प्रेमनारायण तिवारी जी पूर्व जनपद अध्यक्ष कुरवाई, मुकेश तिवारी जी महामंत्री भाजपा, दामोदर राय के यहां स्वागत तथा आमंत्रण पत्र भी दिया। इस अवसर पर वीरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, बालवीर सिंह, पूरन सिंह रघुवंशी, अमित राय आदि मौजूद थे।

# मालथौन विस में 3 पशु चिकित्सकों की नियुक्ति, मोबाइल यूनिट तैनात रहेगी

**प्रवेश संवाद सागर.**

पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के प्रस्ताव पर पशुपालन संचालनालय की ओर से खुरई विधानसभा क्षेत्र के तीन पशु चिकित्सालयों बांदरी, रोंड़ा तथा खिरिया कलां पशु चिकित्सालयों में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। इसके साथ ही चलित पशु चिकित्सा वाहन सेवा 1962 अंतर्गत सागर मुख्यालय के मोबाइल चिकित्सा वाहन को टिकिट संख्या अधिक होने के दिनों में मालथौन-बांदरी क्षेत्र को अटेंड करने के लिए आदेशित किया गया है। पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने गत 19 नवंबर को उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं को इस संबंध में पत्र लिखा था। इस पत्र पर कार्यवाही करते हुए संचालनालय पशुपालन भोपाल से दि. 6 दिसंबर, 2026 को विकासखण्ड मालथौन में संचालित तीन पशु चिकित्सालयों में पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के रूप में पशु चिकित्सालय बांदरी में राजेंद्र रामलाल, पशु चिकित्सालय रोंड़ा में महेंद्र सिंह डुडवे तथा पशु चिकित्सालय खिरिया कलां सतपाल भंवर की नियुक्ति की गई है। मालथौन विकासखण्ड में मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन (1962) की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग सागर डा एस एन सोनी ने पृथक से आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत सागर हेड क्वार्टर का मोबाइल वाहन तीनों स्टाफ और मेडिसिन सहित मालथौन विकासखण्ड में अपनी सेवाएं देगा और पेंडेंसी काल क्लियर करेगा। इस दौरान मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट वाहन का मुख्यालय पुलिस थाना बांदरी में रहेगा। जारी आदेश के अनुसार इस अवधि में सागर मुख्यालय की सभी टिकिट को सागर में उपलब्ध शेष दो मोबाइल यूनिट 100 : क्लियर करेंगे।

# युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव रुपेश सिंह भदोरिया आज सागर आएंगे

**प्रवेश संवाद सागर.** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के सह प्रभारी रुपेश सिंह भदोरिया एवं मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव एवं सागर जिला युवा कांग्रेस के प्रभारी अपूर्व जैन एवं सह प्रभारी गौरव दीक्षित दिनाँक 27 दिसम्बर 2025,दिन शनिवार को सागर जिलें के संगठनात्मक दौरे पर आ रहे हैं जो सागर पहुंचकर दोपहर 12 बजें जिला शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय गौर मूर्ति तीन बत्ती सागर में आयोजित युवा कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक में भाग लेंगे तथा जिला युवा कांग्रेस द्वारा जिले की बिगड़ती कानून व्यवस्था बढ़ते अपराधों तथा अवैध शराब,जुआ,सट्टा अनैतिक, नशे की पनप रही कारोबार से युवा नौजवानों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ अनवरत चलाए जा रहे आंदोलन तथा उन्नाव की घटना को लेकर दोपहर 2:30 बजे भगवानगंज स्थित डॉक्टर अंबेडकर साहब की प्रतिमा के समक्ष से पैदल मार्च में शामिल होकर युवा कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे चलो पंचायत,बूथ कार्यक्रम आदि अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उक्ताशय की जानकारी युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी।

# स्वदेशी मेला जैसे आयोजन देश के प्रत्येक शहर में होना चाहिए : आर सुंदरम

**प्रवेश संवाद सागर.**



पीटीसी मैदान में आयोजित 13 दिवसीय स्वदेशी मेला के चौथे दिन शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस मेले का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संरक्षक आर. सुंदरम रहे। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय सह संगठक सतीश कुमार थे, जबकि अध्यक्षता साकेत राठौर ने की। विशिष्ट अतिथियों में सुधीर दांते, सुनील देव, कपिल मलैया, सोनल राय, लवली सोनी, प्रतिभा अनिल तिवारी एवं प्रीति सिंह शामिल रहीं। स्वागत भाषण मेला संयोजिका दीप्ती चंदेरिया ने दिया और आभार प्रदर्शन प्रांत मेला प्रमुख नितिन पटैरिया ने किया। मुख्य अतिथि आर. सुंदरम ने कहा कि स्वदेशी मेला जैसे आयोजन देश के प्रत्येक शहर में होने चाहिए। उन्होंने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से देशभर में आयोजित स्वदेशी मेलों से जुड़े रहे हैं और सागर का मेला उन्हें विशेष रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का पहला स्वदेशी मेला सागर में आयोजित होना गर्व की बात है। स्वदेशी मेला केवल व्यापारिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी विचारधारा को सशक्त करने का माध्यम है। मुख्य वक्ता सतीश कुमार ने कहा कि स्वदेशी मेला राष्ट्रभक्ति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष देशभर में सवा सौ से अधिक स्वदेशी मेलों का आयोजन हुआ है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोहा। लवली सोनी ने स्वदेशी को रोजगार और आर्थिक मजबूती की नींव बताया।

# गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को आसानी से मिल सकेगी सोलर लगवाने की सुविधा, यूएनएसीसीसी और नगर निगम के मध्य हुआ करार

**प्रवेश संवाद सागर.**

महापौर संगीता सुशील तिवारी द्वारा सागर वासियों के जीवन स्तर में सुधार के लिए नगर निगम द्वारा अनुकरणीय पहल करते हुए अंतर्राष्ट्रीय संस्था यू एन ए सी सी सी और नगर निगम के मध्य करार किया है । जिससे आम नागरिकों के समग्र विकास के साथ ही गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को आसानी से सोलर पैनल लगाने की सुविधा उपलब्ध होगी। बुंदेलखंड में पहली बार नगर निगम सागर से इसकी शुरुआत की जा रही है जिससे सागर वासियों के जीवन स्तर में अभूतपूर्व परिवर्तन आएगा।

**दोनों के बीच हुआ करार** : नगर निगम सागर और यूनिटी ऑफ नेशंस एक्शन फॉर क्लाइमेट चेंज काउंसिल के बीच हुए एम.ओ.यू. के अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी, नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, संस्था के फाउंडर अध्यक्ष डॉ रजत शर्मा, अध्यक्ष अजय जोशी, संस्था के चेयरमैन पर्यावरणविद् एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. शिशिर पंडित , जनरल सचिव लाकिश दुबे सागर के कार्यक्रम संचालक नरेश पटेल, संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष रिशांक तिवारी एवं एम आई सी सदस्य, पार्षदों एवं अधिकारियों, कर्मचारी-अधिकारियों की उपस्थिति में नगर निगम सभाकक्ष में कार्यशाला आयोजित की गई ।

इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि सागर शहर में सस्टेनेबल डेवलपमेंट इंनीसिऐटिव प्रोजेक्ट के माध्यम से सागर में एक नई पहल करने की शुरुआत होने जा रही है, जिसका उद्देश्य हमारे शहर को पर्यावरण के रूप से अधिक जिम्मेदार और भविष्य के लिए तैयार बनाना है। यह कार्यक्रम न केवल सागर शहर के लिए बल्कि पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र के सतत् विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस अवसर पर हम सागर को नवकरणीय ऊर्जा, हरित बुनियादी ढांचे और अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं तथा गरीब एवं मध्यम वर्ग के परिवारों को सशक्त बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। सागर को एक स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध शहर बनाने के लिए हम सभी मिलकर काम करेंगे इसलिये नगर निगम सागर और यू एन ए सी सी सी संस्था के मध्य अनुबंध निष्पादित किया जा रहा है।



नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने कहा कि पर्यावरण एवं सोलर एनर्जी को लेकर आपकी संस्था द्वारा जो मुहिम चलाई जा रही है और सागर का चयन किया गया है उसके लिए हम आश्वस्त करते हैं कि हम आपके साथ मिलकर जलवायु परिवर्तन एवं नवकरणीय ऊर्जा के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि आपकी संस्था सागर के लिए बेहतर कार्य करेगी जिससे सागर शहर को प्रदूषण मुक्त होकर स्वच्छ जलवायु प्राप्त हो सकेगी।

संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष रिशांक तिवारी ने कहा कि यू एन ए सी सी सी शहर के लोगों को लाभान्वित करने के लिए नगर निगम के साथ मिलकर कार्य करेगी। इसके पूर्व यह संस्था द्वारा इंदौर में भी सकारात्मक कार्य कर चुकी है तथा सागर शहर को माडल बनाने के लिए चयन किया गया है। सोलर एनर्जी सागर शहर के लिए उपयोगी साबित होगी। सागर में एक नई शुरुआत होने जा रही है महापौर जी के नेतृत्व में स्वच्छता के साथ ही स्वच्छ वायु व नवकरणीय ऊर्जा में हमारा शहर आदर्श शहर बनेगा ।

स्था के फाउंडर अध्यक्ष रजत शर्मा ने कहा कि संस्था 157 देशों में काम कर रही है, जिसका मुख्यालय जिनेवा (स्विट्जरलैंड ) में है। संस्था द्वारा लोगों के जीवन स्तर को सुधारने का कार्य तथा सोलर एनर्जी के माध्यम से खर्च बचाने तथा गरीबी हटाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, मैं, महापौर जी का धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने यह अवसर प्रदान किया है जो बुन्देलखण्ड में आज यादगार दिन के रूप में जाना जायेगा ।

हम सागर शहर से विकास की शुरूआत करेंगे, जो दूसरों के लिये प्रेरणा बनेगा ,आज नगर निगम की टीम ऐसी जिम्मेदारी ले रही है जो संस्था के साथ मिलकर शहर को आगे ले जायेगी जिससे देश में सागर की पहचान बनेगी। यू.एन. ए सी सी सी बुन्देलखण्ड के विकास की ऐसी इबारत लिखेगा जिसका संदेश पूरे देश में जायेगा।

संस्था द्वारा समग्र विकास के कार्य भोगौलिक स्थिति अनुसार किये जायेंगे जिसके लिये संस्था ने इंदौर के बाद सागर का चयन किया है इसके लिये संस्था नगर निगम से कोई राशि नहीं लेगी न ही शासन से राशि लेगी केवल जनसहयोग के माध्यम से कार्य करेगी। कार्यशाला का संचालन गौरव राजपूत ने किया और आभार एम आई सी सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर ने व्यक्त किया। कार्यशाला में पूर्व पार्षद एवं बी.डी.ए.उपाध्यक्ष डालचंद पटैल, एम.आई.सी.सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर, धर्मेन्द्र खटीक ने भी अपने-अपने विचार रखें तथा जानकारी दी। इस अवसर पर एम.आई. सी.सदस्य राजकुमार पटैल, पार्षद सुश्री याकृति जड़िया, बैदेही पुरोहित, रानी अहिरवार, शैलेष जैन, रामू ठेकेदार, रूबी कृष्ण कुमार पटैल सहित नगर निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# महाविद्यालय में एमओयू एवं प्रेजेंटेशन कार्यक्रम संपन्न

**प्रवेश संवाद सागर**



पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय सागर में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के इनक्यूबेशन सेंटर के तत्वावधान में इंफिनिटी मैनेजमेंट कॉलेज के साथ स्टार्टअप को लेकर एमओयू साइन हुआ इस एमओयू साइनिंग से दोनों कॉलेज के मध्य स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने एवं दोनों कॉलेज के इनक्यूबेशन सेंटर में होने वाले कार्यक्रमों एवं स्टार्टअप्स में किए जाने वाले कार्यों का आपसी सामंजस होगा।

इस कार्यक्रम में पांच विद्यार्थी ने स्टार्टअप्स के प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किये जिसमें उनके द्वारा किए जा रहे स्टार्टअप्स में कार्य एवं नवाचार को बतलाया गया एवं चयनित स्टार्टअप्स विद्यार्थी रामाशीष यादव, श्वेत अधो , शिवानी पटेल, महक श्रीवास्तव एवं पुनीत राजपूत को सर्टिफिकेट के द्वारा सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत का सपना स्टार्टअप के माध्यम से पूरा होगा ऐसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी इच्छा है । इनक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से विद्यार्थी में स्टार्टअप एवं उद्यम को प्रोत्साहित एवं मार्गदर्शन देने का कार्य किया जाता है दोनों कॉलेज के मध्य एमओयू होने से दोनों कॉलेज के विद्यार्थी को परस्पर लाभ मिलेंगा।

स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ जिला नोडल प्रभारी डॉ अमर कुमार जैन ने कहा की नवाचार का जन्म व्यक्तियों को सुविधाएं देने से होता है जैसे उबर जोमेटों मीसों फिलिपकार्ट जैसे कंपनिया व्यक्तियों को सामान घर पर देने की सुविधा उपलब्ध करा रही है आज का वक्त स्टार्टअप्स का है जिसमें युवा उद्यमी नए-नए नवाचार करके बहुत समस्याओं का समाधान कर आवश्यकताओं की पूर्ति कम समय में एवं बचत के अनुसार कर रहे हैं जिससे भारत आज विश्व में सबसे ज्यादा यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स देने वाला देश बन चुका है। इस कार्यक्रम में इंफिनिटी मैनेजमेंट कॉलेज से आए हुए डॉ राहुल सतभैया ने कहा कि हमारे महाविद्यालय में इंजिनियरिंग की सारी फैक्ल्टी है जिनमें लगातार स्टार्टप्स के कार्यक्रम चलाए जा रहे है जिनमें कवाड से जुगाड कार्यक्रम जैसे प्लास्टिक बोतलों से मकान की दीबार बनाना बेकार लौहे से रोबोट बनाना तथा लाल मिट्टी तथा सीमेंट के मिश्रण से आदि शामिल है एमओयू होने से इस महाविद्यालय को भी लाभ मिलेंगा।

इनक्यूबेशन के स्टार्टअप ट्रेनर शुभम दुबे ने कहा की विद्यार्थी नए-नए नवाचार के साथ अलग-अलग स्ट्रीम में स्टार्टअप की दिशा में प्रोत्साहित हो रहे हैं जिससे उन्हें उद्यम एवं व्यवसाय की दिशा में ले जाया जा सके और वह भारत की इकोनामिक ग्रोथ में अपनी हिस्सेदारी निश्चित कर सके। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थिति रहे कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमर कुमार जैन ने किया एवं आभार टी ओ पी प्रभारी डॉ प्रतिभा जैन ने माना।

## अभी तक 25.93 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा धान खरीदी

**प्रवेश संवाद सागर**

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 4 लाख 9 हजार 545 किसानों से 25 लाख 93 हजार 971 मीट्रिक टन धान की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा चुकी है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रूपये प्रति क्विंटल है। धान की खरीदी 20 जनवरी 2026 तक की जायेगी। किसानों को 3529 करोड़ रूपये से अधिक राशि का भुगतान भी किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि धान विक्रय के लिये 8 लाख 59 हजार 916 किसानों ने पंजीयन कराया है। एक दिसम्बर से शुरू हुई धान खरीदी के लिये विभिन्न जिलों में 1434 केन्द्र बनाये गये हैं।

## मसाला चक्की पर कार्रवाई: मिलावटी लाल मिर्च जब्त, नमूने जांच हेतु भेजे

**प्रवेश संवाद सागर**

कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार नमूना लेने एवं जप्ती की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर बमोरी रेंगुवा में बिना लाइसेंस संचालित एक मसाला चक्की पर कार्रवाई की गई। जांच के दौरान मसाला चक्की में एक कुंटल खड़ी लाल मिर्च में गेहूं का आटा एवं अखाद्य रंग जैसे पदार्थ मिलाकर पिसाई किए जाने की पुष्टि हुई। यह पिसाई सामग्री विनोद गुप्ता की बताई गई, जबकि मसाला चक्की नंदलाल चढ़ार की होना पाया गया। उक्त दोनों विक्रेताओं के पास आवश्यक फूड सेफ्टी लाइसेंस नहीं पाया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावटी मिश्रण के नमूने संग्रहित कर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए। साथ ही 98 किलो लाल मिर्च चूर्ण एवं अखाद्य्य रंग का मिश्रण जप्त किया गया।

## समाज और सरकार के मध्य सेतु की भूमिका में है जन अभियान परिषद : डॉ बकुल लाड़

**प्रवेश संवाद सागर**

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आज कमिश्नर कार्यालय सभागार सागर में आयोजित की गई। बैठक परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ बकुल लाड़ की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई एवं परिषद के सांस्कृतिक सलाहकार अतुल निझावन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक का प्रारंभ अतिथियों द्वारा भारतमाता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ तत्पश्चात अतिथियों का शॉल एवं साहित्य से स्वागत किया गया। तत्पश्चात संभाग समन्वयक सागर दिनेश कुमार उमरैया के द्वारा बैठक का एजेंडा रखते हुए अतिथियों का शब्दातीत स्वागत किया। समीक्षा बैठक में सागर संभाग के सागर से श्री के के मिश्रा, दमोह से श्री सुशील नामदेव, छतरपुर श्री आशीष ताम्रकार, पन्ना से सुश्री अनीता जाटव एवं टीकमगढ़/निवाड़ी के जिला समन्वयक एवं 37 विकासखंड के विकासखंड समन्वयकों की उपस्थिति रही। बैठक का प्रारंभ जिला समन्वयक के द्वारा जिलावार पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से किया गया। जिला प्रस्तुति के साथ विकासखंडों के समन्वयकों ने अपने विकासखंड में किये गए कार्यों की प्रगति प्रतिवेदन एवं उत्कृष्ट,नवाचारों को प्रस्तुत किया। कार्यपालक निदेशक डॉ लाड़ ने प्रत्येक जिला एवं विकासखंड के कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि समाज और सरकार के मध्य सेतु की भूमिका में है जन अभियान परिषद इस कार्य को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए परिषद के क्षेत्रीय अमले के रूप में पदस्थ जिला,विकासखंड समन्वयकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा की जन अभियान परिषद ने सामाजिक सरोकार के समस्त विषयों पर शासन एवं जन आकांक्षाओं के अनुरूप अभिनव कार्य किये हैं। जिनका प्रभाव समाजिक जीवन में परिलक्षित भी हो रहा है। परिषद के समन्वयकों को निरंतर भ्रमण, किए जा रहे कार्यों की दैनिक रिपोर्टिंग के साथ पोर्टल पर अपडेशन, समाचार पत्र एवं सोशल मीडिया पर बेहतर प्रस्तुतिकरण किया जाना चाहिए, प्रस्फुटन एवं नवांकुर परिषद की नींव है और समन्वयक परिषद की रीढ़ की भूमिका निभा रहे है। भविष्य में परिषद के नेटवर्क को मजबूत करते हुए बढ़ाने के कार्य करना है ।

### बड़ागांव आरटीओ के प्राइवेट कर्मचारी घंटों तक पैसा वसूलने के लिए वाहन चालकों को धमका रहे...

# मध्यप्रदेश-उत्तरप्रदेश बॉर्डर पर चेक पोस्ट बंद, आरटीओ की उगाही जारी, वसूली करने प्राइवेट टीम मुहं बांधे रहती

**प्रवेश संवाद हरपालपुर**





प्रदेश के रीवा जिले में आरटीओ चेक पोस्ट बंद होने के बाद चेक पॉइंट का मामला ठंडा नहीं पड़ा वही छतरपुर जिले के बड़ागाँव चेक पोस्ट बंद होने बाद यहां पदस्त परिवहन कर्मचारियों प्राइवेट लोग एमपीयूपी बॉर्डर क्षेत्र के पहाड़ी बांधा आरटीओ कर्मचारियों द्वारा निरंतर हाईवे 39 पर बड़ागांव चेक पोस्ट एवं छाती पहाड़ी हरपालपुर पहुंच मार्ग पर चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली का गोरख धंधा चल रहा है कई बार मीडिया द्वारा अवैध रूप से प्रभारी आरटीओ के प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा गुंडागर्दी करके वाहन चालकों से एंट्री के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है बड़ागांव आरटीओ के प्राइवेट कर्मचारी घंटे तक पैसा वसूलने के लिए वाहन चालकों को धमकाया जाता है और यदि वाहन चालकों द्वारा दस्तावेज सही होने की बात की जाती है तो उनके साथ अभद्रता का व्यवहार किया जाता है शुक्रवार को जब मीडिया की टीम ने कुछ वाहन चालकों की सूचना पर बड़ा गांव चेक पोस्ट के नजदीक हाईवे पर पहुंचे तो नजारा कुछ अलग ही था जिसमे बड़ागांव आरटीओ संगीता मरावी की गैर मौजूदगी में प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा हाईवे पर चेकिंग लगाकर वाहनों को रोका गया था जिसमें उनके साथ अभद्रता भी की जा रही थी कई प्राइवेट कर्मचारी घंटे तक वाहन चालकों से बहस करते नजर आए मीडिया की गाड़ी देखते ही आरटीओ की गाड़ी में प्राइवेट कर्मचारी दौड़कर मौके से भाग निकले और उनके जाने के बाद वाहन चालकों ने अपनी व्यथा मीडिया की कैमरे के सामने बयान की वाहन चालक रामधनी पटेल निवासी जौनपुर का ट्रक क्रमांक जीजे 12 बी ए 0938 ने बताया कि उसके ट्रक में केवल ड्रम लगे हुए हैं जिसको वह सतना से राजस्थान की ओर जा रहा था तभी करीब 3:30 बजे आरटीओ के प्राइवेट कर्मचारियों ने उसके ट्रक को रोका और साइड में लगाने की बात कही जब उसने पूरे दस्तावेज दिखा दिए तो उन्होंने कहा कि2000 की तुम्हारी एंट्री होगी यदि एंट्री का पैसा नहीं दोगे तो तुम ऐसे ही खड़े रहोगे एक अन्य चालक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उसका अक्सर बड़ागांव एवं छाती पहाड़ी से माल लेकर गुजरना होता है जिसके लिए हर चक्कर में उसे1000 से लेकर1500 एंट्री के नाम पर 10 प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा वसूल किए जाते हैं कुल मिलाकर बड़ागांव आरटीओ की गैर मौजूदगी में प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा इतना बड़ा अवैध वसूली का गोरख धंधा प्रशासन की नाक के नीचे चल रहा है और इन कर्मचारियों पर कोई भी कार्रवाई नहीं होती इस कारण से इन अवैध वसूली करने वालों की हौसले बुलंद हैं और वाहन चालक परेशानी से जूझ रहे हैं गौतरलब बीते दिनों इस अवैध वसूली की जानकारी नौगांव एसडीएम जीएस पटेल को भी दी गई जिन्होंने इस मामले जिला अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मधु सिंह को अवगत कराया था। इस मामले में नॉगोव एसडीओपी अमित मिश्राम का कहना कि मुझे इस मामले एसडीएम ने अवगत कराया था एक पत्र वाहन चेकिंग के सम्बंध मे आया था यदि वो निजी कर्मचारियों से अवैध वसूली करवा रहे तो गलत इस कार्यवाई होगी।

### चेकिंग अवैध या वैध ये भी बतला पा रहे अधिकारी

बड़ागॉव चेक पोस्ट बंद होने के बाद चेक पॉइंट के नाम लगातार वाहनों को चेकिंग के नाम रोक रूपयों की उगाही की जा रही हैं। इस सम्बंध जब परिवहन विभाग के अधिकारियों से पूछताछ तो ये भी बतला पा रहे है चेकिंग वैध की अवैध वो मीडिया को देख भाग खड़े होते हैं।

इस सबंध में जब आरटीओ मधु सिंह को कई बार फोन लगाकर संपर्क करना चाहा,लेकिन नहीं हुआ।

## महोबा रोड पर कार से गांजा तस्करी करते दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार, 55 किलो से अधिक जब्त

**प्रवेश संवाद नौगांव**




नशामुक्ति अभियान के तहत अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही मध्य प्रदेश पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नौगांव थाना पुलिस ने महोबा रोड पर कार से गांजा तस्करी कर रहे दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 55 किलो से अधिक गांजा और तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार जब्त की है। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत करीब 14 लाख रुपये बताई जा रही है। थाना नौगांव पुलिस को विगत रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली थी कि महोबा रोड से एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार में अवैध गांजा ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सिंगरावनकला भंडार नदी पुल के पास घेराबंदी कर संदिग्ध कार को रोका। कार से उतरकर भागने का प्रयास कर रहे दो युवकों को मौके पर ही दबोच लिया गया। कार की विधिवत तलाशी लेने पर डिग्गी के भीतर बोरी में छिपाकर रखा गया 55 किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ।

पुलिस जांच में सामने आया कि गांजा छिपाने के लिए कार की डिग्गी और सीट को मॉडिफाइड कराया गया था। पुलिस ने गांजा और कार को जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की पहचान हल्काई कुशवाहा पिता दौलत कुशवाहा, निवासी शक्तिपुरा मोहल्ला, महोबा (उ.प्र.) और प्रमोद कुमार कुशवाहा पिता परशु कुशवाहा, निवासी उदल चौक के पास, जिला महोबा (उ.प्र.) के रूप में की है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना नौगांव में एनडीपीएस अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### अजब तरह की घटना से क्षेत्र में दहशत

## सूने घर में आई एक महिला खाने में जहर मिलाया, एक बच्चा गंभीर

**प्रवेश संवाद छतरपुर**

बमीठा थाना अंतर्गत जंगीपुरा थाना क्षेत्र में अजीब घटना सामने आई जहां एक सुने घर में ई रिक्शा से आई एक महिला खाना में जहर मिलाकर चली गई जिससे एक बच्चा गंभीर रूप से बीमार हो गया।

जानकारी के अनुसार घर के बाहर खेलकर 5 वर्षीय जीतेन्द्र ने घर आकर खाना खाया उसे उल्टी होने लगी उसी समय जितेंद्र की चाची घर आई उसे खाना बदबू आई उसने चिल्लाकर परिजनों को बुलाया। घर के पीछे खेत मे काम कर रहे परिजन आये और मोहल्ला के लोग आ गए खाना देखा तो सब्जी से सल्फास जैसी बदबू आ रहीं थी। मोहल्ला के लोगो ने बताया एक अंजान महिला इ रिक्सा से आई थी, घर का दरवाजा खोलकर घर के अंदर गई थी फिर वापिस इ रिक्सा से बमीठा की तरफ चली गई। बच्चे को बमीठा स्वास्थ केंद्र लाये डॉक्टर प्रथम उपचार के बाद जीतेन्द्र को जिला अस्पताल रिफर किया। जितेंद्र पिता दशरथ कुशवाहा उम्र 5 वर्ष का जिला अस्पताल मे इलाज जारी है। इस तरह की घटना से क्षेत्र मे दहशत तो है पर लोगो को विश्वास नहीं हो पा रहा है। घटना बुधवार दोपहर 1 बजे करीब की जंगीपुरा थाना बमीठा क्षेत्र की है।

## छात्राओं की सुरक्षा और समान शिक्षा व्यवस्था को लेकर नगर से दूर स्थित कन्या विद्यालय को लेकर उठे सवाल, ज्ञापन दिया

**प्रवेश संवाद बड़ामलहरा**



छात्राओं की सुरक्षा और समान शिक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ामलहरा में कांग्रेस ने शासन को घेरा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बड़ामलहरा ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपते हुए नगर में संचालित शासकीय कन्या विद्यालय की वर्तमान स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े किए। कांग्रेस ने ज्ञापन में बताया कि शासकीय कन्या विद्यालय नगर से लगभग तीन किलोमीटर दूर, सड़क मार्ग से काफी अंदर स्थित है, जहां आवागमन के साधन सीमित हैं। इस कारण विद्यालय आने-जाने वाली छात्राएं असुरक्षा की भावना से जूझती हैं, जिसका असर उनकी पढ़ाई पर भी पड़ रहा है। इसके विपरीत शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल नगर के बीचों-बीच स्थित है, जहां पहुंचना सहज और सुरक्षित है। कांग्रेस नेताओं ने इसे असमान और भेदभावपूर्ण व्यवस्था बताते हुए कहा कि बेटियों को नगर से बाहर और बेटों को नगर के मध्य विद्यालय देना न्यायसंगत नहीं है। कांग्रेस ने मांग की कि कन्या विद्यालय को बालक हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में स्थानांतरित किया जाए, जिससे छात्राओं को सुरक्षित वातावरण मिले, आवागमन की समस्या समाप्त हो और वे पढ़ाई पर पूरा ध्यान दे सकें। इस अवसर पर कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिंह (टिंकू राजा), धनप्रसाद असाटी, अशोक शर्मा, अभय जैन, अर्जुन सिंह बड़खेरा, प्रमोद जैन, डॉ. प्रवीण दुबे, रामअवतार यादव, जीवंधर जैन, मनोज विश्वकर्मा, सरमन यादव, विक्रम सिंह, अनमोल चतुर्वेदी, सौरव राजा परमार, सनी राजा, संतोष प्रजापति, पुष्पेंद्र सिंह, विजय जी, राव साहब बाबा परिहार, भोलू राजा, तौफीक खान, छोटू विश्वकर्मा, मुस्ताक खान, दीपू राजा, पुरुषोत्तम लोधी, मातादीन यादव, दिव्यांश पटेरिया, श्रीपथ यादव, गौरव सेन, शिवम सेन सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह केवल विद्यालय स्थानांतरण का मामला नहीं, बल्कि छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान और भविष्य से जुड़ा गंभीर विषय है, जिस पर शासन को शीघ्र निर्णय लेना चाहिए।

### बमीठा ओवर ब्रज बायपास रोड की घटना

## 40 वर्षीय युवक का मिला शव



**प्रवेश संवाद छतरपुर**

बमीठा ओवर ब्रज बायपास रोड की नाली पर युवक का शव मिला। शव के पास सल्फास की खुली डिब्बी मिली। मृतक बच्ची पिता सरजू कुशवाहा उम्र 40 वर्ष ख़ैरी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हुई। आरक्षक भानू पटेल एवं 112 डायल का पायलट दिपेन्द्र अवस्थी के साथ घटना स्थल पर मौजूद होकर जांच की। पुलिस ने मर्ग कायम करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही परिजनों से पूछताछ की। फिलहाल मामले की जांच जारी है

### महाराजा छत्रसाल लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट के दसवें दिन 5 मुकाबले

# रोमांचक मुकाबले में पिपरी सुपर, नौगांव टाइगर, पिपरी जूनियर, खजांची स्पोर्टिंग और बीडीसीए ने दर्ज की जीत



**प्रवेश संवाद ✿ नौगांव**

शहर के राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में चल रहे 70 वें महाराजा छत्रसाल लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट के दसवेंदिनशुक्रवारकोकुल5मुकाबलेखेलेगए। जिसमें दर्शकों को एक से बढ़कर एक रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। जिनमें कई टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में अपनी जगह पक्की की। दिनभर में कुल पांच मुकाबले खेले गए जिनमें कई टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। 70 वें महाराजा छत्रसाल लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को 5 मुकाबले खेले गए। क्रीड़ा सभापति ज्योति अमित तिवारी ने बताया कि शुक्रवार को पहला मैच ओम साईं राम बी और पिपरी सुपर के मध्य खेला गया।

जिसमे पहले मुकाबले में ओम साईं राम बी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 7 ओवर में 40 रन बनाए और पिपरी सुपर को 41 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पिपरी सुपर की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पांचवें ओवर में ही 9 विकेट से जीत दर्ज कर ली। दिन का दूसरा मुकाबला राधा रानी और नौगांव टाइगर के मध्य हुआ। दूसरे मुकाबले में राधा रानी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नौगांव टाइगर ने 61 रन बनाए और 62 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में राधा रानी की टीम 49 रन ही बना सकी। इस तरह नौगांव टाइगर ने यह मुकाबला 13 रनों से जीत लिया। दिन का तीसरा मैच डैन बिल्जेरियन और पिपरी जूनियर के मध्य खेला गया। जिसमें डैन बिल्जेरियन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 59 रन बनाए और पिपरी जूनियर को 60 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पिपरी जूनियर की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए 5 विकेट से मैच जीत लिया। पिपरी जूनियर की ओर से मनोज रैकवार ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 24 गेंदों में 46 रन बनाए, जिसमें 7 चौके शामिल रहे। चौथा मुकाबला खजांची स्पोर्टिंग बनाम धौर्रा सरकार के मध्य खेला गया। खजांची स्पोर्टिंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 66 रन बनाए और 67 रनों का लक्ष्य दिया। टीम की ओर से कलीम अंसारी ने 24 गेंदों पर 36 रन बनाए, जिसमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। जवाब में धौर्रा सरकार की टीम 48 रन ही बना सकी और खजांची स्पोर्टिंग ने यह मुकाबला 18 रनों से जीत लिया। पांचवां और अंतिम मुकाबला बीडीसीए और शिवहरे सीसीटीवी के मध्य हुआ। दिन के अंतिम मुकाबले में बीडीसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 83 रन बनाए और शिवहरे सीसीटीवी को 84 रनों का लक्ष्य दिया। बीडीसीए की ओर से विनीत सैमसन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 21 गेंदों पर 38 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवहरे सीसीटीवी की टीम 69 रन ही बना सकी और बीडीसीए ने मुकाबला 15 रनों से जीत लिया.टूर्नामेंट में लगातार हो रहे रोमांचक मुकाबलों से क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, वहीं अब सभी की निगाहें आगामी राउंड के मुकाबलों पर टिकी हुई हैं। मैचों में एम्पायर की भूमिका संदीप साहू, सोनू साहू, अंकित पाटकर, कल्लू रावत, इशराज कुरैशी, केदार आनंद तिवारी, मयंक अग्रवाल, पुष्पेंद्र पाल, योगेंद्र बुंदेला,अरविंद तिवारी ने निभाई तो वहीं कमेंट्री जुगल सचान, डॉक्टर मनोज कुशवाहा, ब्रजेश शेरा सोनकिया, शिवम साहू, फैजल खान, शिवांक रिछारिया, अरशद इकबाल, राजपाल पाल तो स्कोरर की भूमिका यतेंद्र सिंह सेंगर और ताशू सिंह सेंगर, आयुष सक्सेना, अभिषेक पटेरिया ने निभाई।

## भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी ने जनहित की मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**प्रवेश संवाद ✿ नौगांव.** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) एवं भीम आर्मी भारत एकता मिशन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सामाजिक न्याय, संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण और स्थानीय जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने केंद्र एवं राज्य सरकार से संविधान में निहित प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की मांग की। संगठन का कहना था कि संविधान लागू हुए 75 वर्ष पूर्ण होने के बावजूद अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समाज को आज भी समान अधिकार, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। कई मामलों में संवैधानिक अधिकारों की अनदेखी से कमजोर वर्ग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ज्ञापन में आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के प्रकरण को भी प्रमुखता से उठाया गया। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि उनके बयान को संदर्भ से अलग प्रस्तुत कर उनकी सामाजिक व प्रशासनिक छवि को नुकसान पहुंचाया गया है। संगठन ने उनके सेवा रिकॉर्ड का हवाला देते हुए निष्पक्ष जांच, न्यायसंगत सुनवाई और कथित गलत कार्रवाई को वापस लेने की मांग की। साथ ही महिला सम्मान से जुड़े मामलों में त्वरित व कठोर कार्रवाई, ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का पूर्ण क्रियान्वयन, छात्राओं के लिए सुरक्षित परिवहन तथा कन्या विद्यालयों और छात्रावासों में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की मांग रखी गई। स्थानीय मुद्दों में वार्ड 17 से शराब दुकान हटाने, एससी-एसटी भूमि पर अवैध कब्जे रोकने और शराब डिस्टिलरी हटाने की मांग शामिल रही। कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई।

## 72 घंटे बाद भी 25 लाख की चोरी का पुलिस नहीं कर पाई खुलासा

- थाना पुलिस लगातार सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी


**प्रवेश संवाद ✿ हरपालपुर**

थाना क्षेत्र के हरिहर रोड पर सर्राफा दुकान से 25 लाख के लगभग की चोरी के मामले में 72 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस की टीमें,सर्विलांस,अन्य पुलिस टीम के साथ मिलकर जांच में जुटी हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार अबतक दो दर्जन सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा चुके हैं। हरिहर रोड से लेकर पुलिस थाने,राठ रोड़, लहचूरा रोड़ तक थाना टीआई संजय राय का कहना कि थाना पुलिस की तीन टीमें बनाकर रवाना कर दी गई। टीमें लगातार जांच कर रही हैं। जल्द खुलासा किया जाएगा। घटना दिनांक 23 दिसंबर मंगलवार दोपहर कि है जब रामबाबू सोनी पिता बैजनाथ सोनी कपासमील कॉलोनी से अपनी दुकान पर पहुँच कर सोने चांदी व नगदी से भरे बैग को दुकान में रखने के बाद कुछ समय दुकान से उठकर घर मे चल रहे निर्माण कार्य को देखने अंदर चले जाते तभी पहले से घात लगाए दो बाइक सवार अपराधियों द्वारा मौका पाकर दुकान में घुसकर सोने चांदी के जेवर नगदी से भरे बैग को लेकर कुछ ही मिनटों फरार हो जाते हैं।

घटना बगल की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो जाती हैं। थाना पुलिस ने घटना के बाद कई दुकानों घरों के बाहर लगे कैमरे चैक किये तो अधिकतर खराब ही निकले कुछ कैमरे अपनी प्रतिष्ठान के बाहर तक सीमित हैं सड़क का कुछ नजर नहीं आ रहा हैं। कुछ बैटरी खराब तो कुछ के कनेक्शन भी नहीं हैं। थाना पुलिस मान रही हैं जिस रूट से अपराधी भागे हैं उस रूट के कैमरे काम कर रहे होते तो चोरों का सुराग मिल सकता था।

## डॉ. अक्षय अग्रवाल का पीजी नीट में चयन, उज्जैन से करेंगे एमडी

**प्रवेश संवाद ✿ छतरपुर**



शहर के चिकित्सा क्षेत्र से एक हर्षित करने वाली खबर सामने आई है। पठापुर रोड स्थित प्रसिद्ध अग्रवाल क्लीनिक के संचालक और जाने-माने चिकित्सक डॉ. सुनील अग्रवाल के सुपुत्र डॉ. अक्षय ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पीजी नीट (PG NEET) परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। पहले ही प्रयास में पाई बड़ी सफलता डॉ. अक्षय ने यह उपलब्धि अपने पहले ही प्रयास में प्राप्त की है। अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इस कठिन परीक्षा में अच्छी रैंक हासिल करने के बाद अब उनका चयन एमडी (MD) के लिए हुआ है। वे उज्जैन स्थित मेडिकल कॉलेज से मेडीसिन (Medicine) विषय में अपनी विशेषज्ञता (Specialization) पूरी करेंगे। ग्वालियर से हुई है एमबीबीएस की पढ़ाई बता दें कि डॉ. अक्षय शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने अपनी एमबीबीएस (MBBS) की डिग्री ग्वालियर के प्रतिष्ठित गजरा राजा मेडिकल कॉलेज (GRMC) से पूर्ण की थी। अपनी प्रारंभिक सफलता के बाद अब वे उच्च शिक्षा के जरिए चिकित्सा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार हैं। शहर में खुशी की लहर डॉ. अक्षय की इस बड़ी सफलता से न केवल उनके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि पूरा छतरपुर शहर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उनकी इस उपलब्धि पर नगर के गणमान्य नागरिकों, परिचितों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है। सभी ने डॉ. अक्षय के उज्ज्वल भविष्य और उनके सफल करियर की मंगलकामना की है।

## पिपट सेवा सहकारी समिति में गरीबों का राशन हड़पने का आरोप

**प्रवेश संवाद ✿ बिजावर**

अनुभाग की पिपट सेवा सहकारी समिति के सेल्समैन पर गरीबों को मिलने वाले सरकारी खाद्यान्न वितरण में बड़े अनियमितता के आरोप ग्रामीणों ने लगाए है। स्थानीय ग्रामीणों ने पिपट सेवा सहकारी समिति के सेल्समैन रामकुमार दीक्षित पर गंभीर आरोप लगाए हैं कि वह हितग्राहियों से अनाज के बदले 10-20 रुपये वसूल करते है,जिससे गरीबों को पूरा राशन नहीं मिल पा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि सेल्समैन की यह तानाशाही इतनी बढ़ गई है कि बिना अतिरिक्त पैसे दिए अनाज लेना मुश्किल हो गया है। इससे गरीब परिवारों के पेट पर सीधा असर पड़ रहा है। आरोप है कि यह सारा खेल समिति प्रबंधक नीरज की मिलीभगत से चल रही है। गांव वालों ने चेतावनी दी है कि अगर सेल्समैन को नहीं हटाया गया तो बिजावर तहसील में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।यह मामला सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की उस व्यवस्था पर सवाल उठाता है, जहां गरीबों को मुफ्त अनाज दिया जाता है, खाद्य निरीक्षक द्वारा इस सेल्समैन के भ्रष्टाचार के विरुद्ध पूर्व से नोटिस भी दिया है फिर भी गरीब परिवारो को इससे राहत नही मिली,सेल्समैन पिपट समिति की वर्तमान में चार दुकानें चलाता है, इससे साफ होता है की समिति प्रबंधक की मिलीभगत से ही गरीबो के पेट पर डाका डाला जा रहा है। मीडिया के सवाल पर समिति प्रबंधक नीरज शर्मा ने बिवादित बयान दिया और कहा कि हमने सेल्समैन को नमक के 1 रुपए की जगह 5 रु लेने के लिए कहा है, क्योंकि अपने यहां 1 रुपया अब चलता नहीं है। इसके पूर्व पिपट की राशन दुकान पर कम तौल को लेकर ग्रामीणों ने राशन तोल ने वाली तराजू को पिपट थाने ले गए थे और एक शिकायती आवेदन भी दिया था लेकिन सेल्समेन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी जससे सेल्समैन बेखौफ रहकर गरीबो का अनाज डकार रहा है।